Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-05-2022 | अंक 234

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# लाखो की लागत से बना बरही का बस स्टैंड 7 साल बाद भी नही हो सका चालू, छायी वीरानी

## बस स्टैंड होने के बाद भी बरही चौक पर होती है चुंगी वसूली, अक्सर लगा रहता है जाम, होती है परेशानी



वीरान पड़ा बरही का बस पड़ाव



बस स्टैंड में पड़ा गंदगी का अंबार



जर्जर होने के कगार पर पहुंचा बस स्टैंड

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही बस पड़ाव आज भी चालू होने का बाट जोह रहे है। 10 साल पहले लगभग 45 लाख की लागत से बस पड़ाव का जीर्णोद्धार किया गया था। ताकि बस पड़ाव को चालू किया जा सके। स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। लेकिन जीर्णोधार हुए 10 साल से ज्यादा हो गया। अब तक इसे चालू कराने के प्रति किसी ने ध्यान नही दिया। बस पड़ाव में वाहनों का ठहराव नही हो पाया है। या यूं कहे की अभी तक बस स्टैंड चालू नही हो पाया है। अब तक बस स्टैंड को उपयोग में नही लाया जा रहा है। बस पड़ाव आज भी वीरान पड़ा हुआ है। जबकि बरही चौक के आस पास वर्षो से संचालित बरही का बस स्टैंड अब तक बरही चौक पर ही संचालित है। जिसके कारण बरही चौक पर हमेशा जाम और दुर्घटना होने की होने की संभावना बनी रहती है। वहीं बस स्टैंड भी पूरी तरह से जर्जर होते जा रहा है। अब हाल यह है की लोग यहां कूड़ा कचरा फेंकने लगे है। जिसके कारण आज पास के लोगो की परेशानी बढ़ने लगी है। जिससे स्थानीय लोगो का कहना है की अविलंब यहां साफ सफाइ कराया जाए।


**बस स्टैंड का चालू नही होने से बरही चौक का सुंदरता भीं है प्रभावित**

बरही चौक पर चुंगी वसूली होने से वर्ष 2016 में करोड़ों के लागत से तीन राज्यमार्गों को जोड़ने वाली संगम स्थल बरही चौक का सुंद. रीकरण की सुंदरता भी प्रभावित होती है। अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि जाम से निजात पाने का एक मात्र उपाय है बरही का बस स्टैंड को चालू करना। निजी स्वार्थ के कारण न तो स्थानीय प्रशासन न तो स्थानीय जन प्रतिनिधि न ही राजनीतिक दल से जुड़े नेतागण ही रुचि ले रहे हैं। नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का भी इस ओर ध्यान नही है।

APEM LIVE

# महीनो से खराब पड़ा है हाई मास्क लाइट, नही दे रहा कोई ध्यान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक के आस पास के लोगो को अंधेरे में जीवन बसर करना नियति बन गई है। बरही चौक पर हाई मास्क लाइट की सुविधा प्रदान की गई है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है की पिछले कई महीने से हाईमास्क लाइट खराब पड़ी हुई है। शाम ढलते ही बरही चौक अंधेरे में तब्दील हो जाता है। जिससे सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं, बच्चो और बुजुर्गो को आने जाने के दौरान होती है। ऐसा नहीं है की खराब हाईमास्क लाइट की जानकारी विधायक और बरही के आला अधिकारियों को नही है लेकिन अभी तक किन्ही के कानो में जू तक नही रेंग रही है। वहीं बरही चौक के आस पास के लोगो ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला और यहां के आला अधिकारियों से आग्रह किया है की बरही चौक पर खराब पड़े हाईमास्क को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। जिससे बरही चौक फिर से रौशनी से जगमगा उठे।

# तालाब में तब्दील हुआ सड़क, राहगीर परेशान



तालाब में तब्दील हुआ सड़क



पानी निकासी के लिए नाली बनाता युवक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लसकरी में बारिश का पानी काफी जम गया है। नाली के अभाव में पानी का निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगो में रोष व्याप्त है। सड़क के किनारे नाली का व्यवस्था नहीं की गाई है, नाली के आभाव में पानी का निकासी नहीं हो पाती है। थोड़ी सी बारिश भी बारिश होने पर जल जमाव हो जाता है। इन दिनों भी यही स्थिति बन गई है। आलम यह की यहां रोड ने तालाब का रूप ले लिया है। अधिक जल जमाव से ना केवल लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है, बल्कि दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोग जनप्रति. निधियों को कोस रहे है। रोड पर पानी जमा होने से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। शीघ्र यहां नाली का निर्माण कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगो का आवागमन सुलभ हो सके।

APEM LIVE

# डीजल पेट्रोल के दाम घटे, लेकिन फिर भी कम नहीं हुआ किराया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीजल पेट्रोल के दाम घटने के बाद भी बस और ऑटो का किराया कम नहीं हुआ है। इसके चलते यात्रियों को निजी बसों, ऑटो आदि में संचालकों द्वारा तय मनचाहा किराया देना पड़ रहा है। 20 मई को केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 9 रुपए की कटौती की वहीं डीजल पर भी 7 रुपए की कटौती की इसके बावजूद भी यात्रियों के लिए किराया कम नहीं किया गया है। विदित को की जब डीजल का मूल्य 70 रुपए लीटर था तब बरही से हजारीबाग का किराया मात्र 40 रुपया, बरही से रांची का किराया 130 रुपया, बरही से चौपारण का किराया 20 रुपया था लेकिन अभी यात्रियों का किराया दोगुना कर दिया गया है। वर्तमान में बरही से हजारीबाग का किराया 80 रुपया, बरही से रांची का किराया 250 रुपया, बरही से चौपारण का किराया 50 रुपया कर दिया गया है। जबकि डीजल पेट्रोल के मूल्य में कटौती होने के बाद यात्रियों के किराया भी घटनी चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं होता है। डीजल के दामों के आधार पर ही माल भाड़े में कटौती एवं बढ़ोतरी होती है। यदि डीजल के दाम घट्ते है तो माल भाड़ा भी कम होता है। लेकिन किसी भी स्तर पर पेट्रोल डीजल के दाम घटने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आती है। वहीं रात्रि में टैक्सी एवं ऑटो चालक रात्रि के समय में यात्रियों से दोगुना किराया वसूलते है।

**डीजल के कीमत बढ़ने पर मचाते है बवाल**

डीजल का मूल्य बढ़ने के साथ ही गाड़ियों वाले संचालक भी बवाल मचा देते है और यूनियन की बैठक बुलाकर किराया बढ़ा देते है, लेकिन डीजल के दाम कम होने पर भी किराया कम नहीं करते है।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी में अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत 25 मई से

## इस कोर्स के तहत यूपीएससी व जेपीएससी की परीक्षा संबंधित कराई जाती है संपूर्ण तैयारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में यूपीएससी व जेपीएससी के परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत आगामी 25 मई से की जाएगी। उक्त जानकारी संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी की संपूर्ण तैयारी के लिए 3 वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपीएससी अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स में पहले वर्ष विद्यार्थियों को बेसिक पढ़ाई जाती है और आधार मजबूत किया जाता है। दूसरे वर्ष पाठ्यक्रम की संपूर्ण तैयारी और तीसरे वर्ष रिविजन के साथ साथ सफलता के बारीकियों पर फोकस किया जाता है, ताकि पहले ही प्रयास में सफलता पाई जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि 10+2 पास सभी संकाय (कला, वाणिज्य, विज्ञान) के विद्यार्थी अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स में नामांकन करा सकते हैं। बताते चलें कि प्रारंभिक परीक्षा से लेकर मेंस और साक्षात्कार की तैयारी, संस्थान में विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कराई जाती है। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि डिजिटल बोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास रुम मुहैया कराए जाने के साथ साथ उन्नत लाइब्रेरी, राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ शिक्षक व अनुकूल वातावरण विद्यार्थियों को संस्थान में प्रदान किया जाता है।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शफीउल्लाह अंसारी को मिल रहा है जनता का समर्थन, कहा मौका मिला तो नेता नहीं सेवक बनकर काम करूंगा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



डाड़ी कलाँ पंचायत के उम्मीदवार मोहम्मद शफी. उल्लाह अंसारी चुनाव चिन्ह शिमला मिर्च छाप क्रम संख्या 10 पर मोहर लगाने को अपील करते हुए कहा की मुझे मौका मिला तो मैं नेता नहीं सेवक के रूप में बेटा के रूप में काम करूंगा पिछले दो बार के कार्यकाल में पंचायत में कोई भी विकास का कार्य नहीं किया गया। मैं भरोसा दिलाता हूं कि सरकार द्वारा हर एक योजना को पंचायत के धरातल पर उतारने का काम करूंगा बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस जनसंपर्क अभियान में डाड़ी कलाँ, चेपा खुर्द, कनकी डाड़ी आदि गाँव में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अभियान में मुख्य रूप से पंचायत के युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर मशकुर आलम, बरकतउल्ला, शमीम अहमद, मोहम्मद मुबारक, बशारत अली, मोहम्मद रब. बानी, रफाकत हुसैन, अजहरुद्दीन मियां, अयूब अली, इलियास अंसारी, मोहम्मद रिजवान, आसिफ अली, मोहम्मद अरशद, फैयाज आलम, साबिर ज़कीउल्लाह, इनामुल मो0 तफ़ाजुल, नसरुल्लाह, मो0 मोजिबुल्लाह, रफीक हुसैन, मो0 शाहिद, के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हाई स्कूल बरियठा में आंतरिक परीक्षा परिणाम घोषित, छात्राओं ने मारी बाजी

**अपेम लाइव: बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल बरियठा में हुए विगत संपन्न आंतरिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा में आठवीं एवं नोवी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा शत प्रतिशत परिणाम से उत्तीर्ण हुए। वर्ग नवम में प्रथम स्थान अंशु कुमारी, द्वितीय दीपा कुमारी एवं तृतीय स्थान मधु कुमारी वहीं आठवी कक्षा में प्रथम स्थान सचिन कुमार, द्वितीय स्थान आयुष कुमार एवं तृतीय स्थान मनीषा राना ने लाकर पूरा विद्यालय में अपना नाम रौशन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती ने बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा की विद्यालय के सभी बच्चे होनहार और मेधावी है, बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन कमिटी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन कमिटी और शिक्षको ने सभी छात्र छात्राओं को शुभक. ामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## घरेलू विवाद में महिला के साथ मारपीट, रेफर

**अपेम लाइव: बरही**
**सोनु पंडित**

घरेलू विवाद में एक महिला के साथ बेरहमी के साथ मारपीट की गई। मारपीट में घायल रसोइया धमना के अंसार नगर निवासी 40 वर्षीय मुसर्रत प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार कर हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## विष्णुगढ़ में पुरूष से अधिक महिला वोटरों में रहा उत्साह

### जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया



विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत भवन बूथ पर निरीक्षण करते डीसी एवं एसपी



विष्णुगढ़ के चानो मवि के बूथ पर मतदान के लिए खड़े वोटर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विष्णुगढ़ में पुरूष वोटरों की अपेक्षा महिला वोटरों में अधिक उत्साह देखा गया। विष्णुगढ़ प्रखंड में कुल 68. 06 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें पुरूष वोटरों की भागीदारी 59.21 प्रतिशत जबकि महिला वोटरों की भागीदारी 77.55 प्रतिशत रही। प्रखंड में कुल 1,13,648 वोटरों में 77,344 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में 34,840 पुरूष तथा 42,504 महिलाएं भागीदार बनी। सुबह सात बजे से सभी बूथों पर मतदान प्रारंभ कर दिया गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। सुबह नौ बजे तक 20.13 प्रतिशत मतदाता वोट कर चुके थे। पूर्वाहन 11 बजे तक 37 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 52.41 तथा 3 बजे तक कुल 68.06 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। प्रखंड में सबसे अधिक गाल्होबार पंचायत के बूथ नंबर 270 में वोट पड़े। वहां कुल 275 यानी 85.4 प्रतिशत वोटिंग हुई। जिसमें महिला वोटर 135 तथा पुरूष वोटर 142 रहे। वहीं, सबसे कम वोट गैड़ा पंचायत के बूथ नंबर 124 में मात्र 123 वोट पड़े। प्रखंड में सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। किसी भी बूथ से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कुछ बूथों में प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों के बीच हल्की नोंकझोंक की घटनाएं हुई। डीसी नैंसी सहाय एवं एसपी मनोज रतन चोथे ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। पंचायत चुनाव को लेकर प्रखंड के 24 पंचायतों में कुल 312 बूथ बनाए गए थे। इन बूथों के विरूद्ध 17 कलस्टर निर्धारित किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड जिला बल, सैट, झारखंड जगुआर, होमगार्ड समेत अन्य कंपनियों के जवानों को लगाया गया था। चुनाव में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों का चयन होना है।

## बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर रुप से घायल

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



प्रतापपुर (चतरा) : थाना क्षेत्र के सतबहिनी गांव स्थित देवी मंडप के समीप मंगलवार को हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।ग्रामीणों तथा राहगीरों की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया।समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नही हो पाया है।उसके पाकेट से मिले आधार कार्ड के अनुसार घायल युवक का नाम आशिक आलम है।उसके पिता का नाम रासो खां है ।वह पश्चिमी सिंहभूम के जयंतगढ के जगन्नाथपुर का रहने वाला है।




## नगरनिगम की लापरवाही और कर्मियों के प्रति उदासीन रवैया के खिलाफ़ आवाज़ उठाई माले ने

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



दो टाईम पानी चलाने की बात कर संवेदक एक टाइम भी पानी सही नहीं देते है,जबकि एग्रीमेंट में सुबह शाम पानी देने की बात होगी,कौन गड़बड़ करवा रहा है माले ने सवाल किया प्रशासन से। पानी एक टाइम देते हो तो बिल में कटौती क्यों नहीं करते हो, वैसे तो नगरनिगम गिरिडीह में कई कार्य है किंतु खास कर पानी चलाने वाले कर्मी, सफाई कर्मी चाहे नगरनिगम का हो या पानी चलाने वाले कर्मी इनलोगो का मानदेय तय जो है पिछले तीन सालों से कोई बढ़ोतरी नहीं है,कोई आंदोलन की बात करता है तो निकालने की धमकी दी जाती है, संवेदक और पार्टनर बदल गए किन्तु मजदूरों के साथ छल करने की प्रविती नहीं बदली है,दबे शब्दो मे मजदूर कर्मी माले से मिलते है अपनी दर्द बताते है। ज्ञात हो आकांक्षा कर्मी को पहले केवल 271 रुपया रोज दिया जाता था,माले ने आंदोलन किया तो सबकी नजरें खुली अब लगभग डबल मानदेय हुआ है,लेकिन जिस प्रकार का काम है,एक दिन का हजार रुपया होना चाहिए था। भाकपा माले नेता राजेश शिसन्हा ने कहा कि सरकार बदल गई सिस्टम नहीं बदला रघुवरदास से ज्यादा भय डर और दहसत में काम काम करते है,आकांक्षा में कर्मी का कम. ीशन भी घटा दिया गया है,जो आगे आकर बात करते है उनको निकाल दिया जाता है,या धमकी दी जाती है,दोनो संवेदक को जांच के लिए अपील प्रशासन से करेगा माले जबकि सरकार शांत चित्त मुद्रा में,क्या काम होगा नहीं होगा देखना पड़ेगा और दोनो कर्मी को एक होकर लोकतांत्रिक तरीके लड़ाई लड़नी होगी।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चोरदाहा मुखिया के प्रयाश से असम में फसे चार मजदूरों को लाया गया वापस

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पंचायत चुनाव में पूरे जिला व राज्य में सबसे कम उम्र की चर्चित मुखिया बनकर उभरी अर्चना हेबरम अपने नाम के मुताबिक कार्य भी शुरू कर दिया है। चोरदाहा पंचायत के चार लोग मज. दूरी करने के लिए असम गए थे। जहां काम कर रहे थे वहां मजदूरी करवाकर राशि नही दिया। चारो परेशान हताश होकर अंजान शहर में मदद की गुहार लगा रहे थे। तभी किसी राहगीर ने चारों की समस्या सुनकर स्थानीय पुलिस प्रसाशन से संपर्क किया। असम की पुलिस ने चौपारण पुलिस से समपर्क किया, चौपारण थाना प्रभारी ने इसकी सूचना नव निर्वाचित मुखिया अर्चना हेबरम को दिया। अर्चना हेबरम ने असम पुलिस व अन्य पदाधिकारियों से बात कर असम से झारखण्ड फिर चोरदाहा तक लाने का सम्पूर्ण जिम्मेवारी निभाया। इस दौरान मानवाधिकार जिला अध्यक्ष रवि यादव का मुखिया को भरपूर सहयोग मिला। असम से सुरक्षित अपने घर पहुँचे मजदूर भोला विशवकर्मा पिता नारायण विशवकर्मा, कौशिल कुमार पिता कैलास बिरहोर, प्रदीप कुमार पिता रघुनी बिरहोर, गोपाल कुमार पिता जानकी बिरहोर ने मुखिया व चौपारण पुलिस के प्रति आभार प्रकट करते हुए घटना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दिया।

## प्रमुख पद पर पूर्णिमा देवी ने किया मजबूत दावेदारी

### मौका मिला तो प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में बढ़े भ्रष्टाचार को मिटाऊंगी : पूर्णिमा देवी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण में चौपारण प्रखण्ड का मतगणना सम्पन्न हो गया है। अब प्रमुख व उपप्रमुख बनने के लिए संभावित उम्मीदवार मजबूती से उम्मीदवारी पेश कर पंचायत समिति सदस्य को अपने पक्ष में करने लगे है। इसी कड़ी में जगदीशपुर पंचायत भाग एक से नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्या पूर्णिमा देवी पति उदय राणा ने प्रमुख पद के लिए मजबूत उम्मीदवारी पेश कर समिति सदस्यों से जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। प्रतिनिधि उदय राणा ने जानकारी देते हुए बतलाया कि पूर्णिमा देवी एकतरफा मुकाबला में 542 मत से विजय हा. शिल कर विरोधियो का जमानत जप्त कर दिया। इस संदर्भ में प्रमुख उम्मीदवार पूर्णिमा देवी ने बताया अगर मुझे प्रमुख बनने का मौका मिला तो प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में फैले व्यापक भ्रष्टाचार को समाप्त कर दूँगी। कहा पंचायत समिति सदस्यों को सही मान सम्मान मिले इसके लिए कार्य करूँगी। पूर्णिमा देवी ने कहा कि हम जीते सभी पंचायत समिति सदस्यों के पास जा रहे है। सब कोई जनसम. र्थन का भरोशा दे रहे है

## तीसरे चरण के चुनाव खत्म होते ही प्रत्याशियों ने जोड़ घटाव और वह हार जीत का आकलन शुरू

### महिलाओं में दिखी काफी उत्साह

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण के लिए मतदान संपन्न होते ही अब चुनाव का लड़ प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों द्वारा हार जीत का आकलन किया जा रहा है। बिरनी प्रखंड के प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के द्वारा मंगलवार चुनाव खत्म होने के देर शाम में एवं मोहल्ले वालों के आंकड़े जोड़ रहे हैं। किस बात पर कितना मत मिले कहां भितरघात हुआ कहां मतदाताओं ने धोखा दिया किन-किन बूथों पर बढ़ने की संभावना है किस बूथ से कम वोट मिले हैं आदि का आकलन जोड़ घटाव गुणा भाग जा जा रहा है। हालांकि प्रत्याशियों और उनके समर्थकों का गुणा भाग कितना सटीक रहेगा, वह तो आगामी 31 मई को होने वाले चुनाव परिणाम ही बताएंगे। लेकिन इस गुना भागा को कोई जीत रहा है तो कोई किसी को हार का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर गांव की माहौल पूरी तरह से चुनावी हो चुका है। और सुबह होते ही चौक चौराहे पर भिड़े जुट जा रही है।

**मतदान के दौरान भी हावी दिखा स्थानीय मुद्दा**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव में दौरान बिरनी प्रखंड के सभी पंचायतों में मुकाबले काफी रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले रहा। मतदान के दौरान कई बूथों पर मतदाताओं से मिली रुझानों से यह स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आया है कि मतदान के स्थानीय मुद्दा हारे हैं और उससे ही साकार रूप दिलाने हेतु मतदाताओं ने बदलाव के लिए वोट किया चुनाव के दौरान मतदाताओं ने बताया कि पंचायत का विकास हो सबसे पहला मुद्दा मेरा यही है। ताकि आने वाले 5 सालों में वे अपनी फिर से जीत हासिल करें। क्योंकि अगर बदलाव नहीं होता है तो विकास कहां से होगा इसलिए विकास होना जरूरी है।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड में 72.08 प्रतिशत हुआ मतदान

### प्रखण्ड के लोगो ने दिया जागरूक मतदाता का परिचय



वोट देकर मतदान केंद्र से बाहर निकलती पहली वोटर



अपनी बारी की इंतजार करती महिला मतदाता



वोट देकर बाहर निकलति बुजुर्ग मतदाता



अपनी बारी का इंतजार करते पुरुष मतदाता

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा चरण का चुनाव कान्हाचट्टी प्रखण्ड में शांति पूर्ण सम्पन्न हो गया।प्रखण्ड में शाम तीन बजे तक 72.08 प्रतिशत मतदान हुआ।सुबह होते ही समय से पहले ही कान्हाचट्टी की जनता ने जागरूक मतदाता का परिचय देते हुए लाइन में लग कर अपनी बारी का लोग इंतजार करते रहे और जैसे ही अपनी बारी आई लोग मतदान कर तब लोग जलपान किये और फिर स्नान।जागरूक मतदाताओं ने एक बजे तक 64.37 प्रतिशत चुनाव कर चुकी थी।जैसे जैसे उमस भरी गर्मी का तापमान बढ़ते गया वैसे वैसे मतदान के लिए भी मतदाता अपने अपने मतदान केंद्रों पर जमने लगे थे।

**सबसे कम धमधमा एक सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत केंदुवा सहोर का रहा** :- सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत अति नक्सल प्रभावित केंदुवा सहोर का रहा जहां पर 85.25 प्रतिशत रहा।इस मतदान केंद्र पर कुल 434 मतदाता थे जिसमें 370 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया।इस बूथ पर 201 महिला एवं 169 पुरुषों ने मतदान किया।वहीं कोल्हैया पंचायत के धमधमा मतदान केंद्र पर सबसे कम 51.98 प्रतिशत मत पड़ा।

**पुरुषों पर भारी रही महिला मतदाता** :-प्रखण्ड में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में कान्हाचट्टी में हुए मतदान में पुरुष मतदाताओ पर भारी रही महिला मतदाता।महिला मतदाताओं ने कुल 17296 एवं पुरुष मतदाताओं ने 16310 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया।कुल मिला कर 33606 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग कर उम्मीदवारों का भाग्य को पिटारा में बंद कर दिया।

**प्रखण्ड प्रशासान रही मुस्तैद** :- चुनाववके दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं बी पी ओ निरजंन सिंह लगातार सभी मतदान केंद्रों पर नजर बनाए हुए थे।कहीं कोई गड़बड़ी न हो इस ख्याल से लगातार सभी केंद्रों से सम्पर्क में थे और केंद्रों का निरीक्षण भी करते रहे।श्री महतो ने प्रखण्ड वासियो को शांति से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रखण्ड वासियो को बधाई भी दिए।

**सुरक्षा का था पुख्ता इंजताम** :-चुनाव के दौरान जिला प्रशासन के साथ साथ प्रखण्ड राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान भी सुरक्षा के सेंध न हो पर पैनी नजर रखे हुए थे।विकास पासवान ने कहा कि सुरक्षा की ऐसी ब्यवस्था थी कि परिंदे भी पर न मार पाए।

## चुनाव जीतने के बाद परिवार संग माता के दरबार पहुंचे मुखिया बिरेन्द्र रजक

### माँ भद्रकाली का आशीर्वाद से हर कार्यो को पूरा करूँगा : बिरेन्द्र रजक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




बच्छई पंचायत से नव निर्वाचित मुखिया बिरेन्द्र रजक अपनी पत्नी सह पूर्व मुखिया कुन्ती देवी व अपने परिवार वालो के साथ माँ भद्रकाली मंदिर में मत्था टेका। बिरेन्द्र रजक ने माता से आर्शीवाद लेकर पंचायत की जनता के खुशहाली की कामना किया। बिरेन्द्र रजक ने कहा कि माँ भद्रकाली के आशीर्वाद से पंचायत के सभी अधूरे कार्यो को पूरा करूँगा। पहले जनता ने दिया आर्शीवाद अब माता का भी आशीर्वाद मिल गया अब औपचारिता पूरी होने के बाद पंचायत के सेवा में लग जाऊंगा। श्री रजक ने कहा कि पूर्व मुखिया कुन्ती देवी सहित मेरे परिवार के लोगों का भरपूर समर्थन मेरे मनोबल को बढ़ाता रहा।

Estd : 2014
VECTOR CLASSES
अब हजारीबाग क्यों जाना VECTOR CLASSES है ना।
VECTOR CLASSES
Germinating Confidence
7717777833, 9113408072
I.Sc. (XI[th] & XII[th]) IIT - JEE (Mains + Advance) Medical
ARTS (XI[th] & XII[th])
8[th] to 10[th] (CBSE & JAC Board)
राँची, पटना जैसी शिक्षा प्राप्त करें अब आपके शहर बरही में अनुभवी शिक्षको के साथ...

THE MECHANICS
विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० – विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।
TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851